## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–13.09.2025 (सुबह–0830 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ की बैठक, कोयला और खनन क्षेत्र की बेहतरी पर हुई चर्चा।**
2. **सेवानिवृत न्यायाधीश अमरेश्वर सहाय की मौजूदगी में आज होगी रिम्स शासी परिषद की 60 वीं बैठक, नियुक्तियों और व्यवस्था में सुधार को लेकर लिये जायेंगे कई निर्णय।**
3. **भाजपा ने बालू घाटों की नीलामी और शराब दुकानों की बंदोबस्ती पर राज्य सरकार को घेरा, कांग्रेस ने कहा–मुद्दाविहीन हो गया है विपक्ष।**
4. **15 सितंबर से 10 लाख तक की खरीदारी का यूपीआई से किया जा सकेगा भुगतान, सरकार ने लेनदेन की सीमा बढ़ाई।**
5. **36वीं पूर्वी क्षेत्र जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 22 सितंबर से रांची में, झारखंड टीम में साहिबगंज के 10 खिलाड़ियों का चयन।**

*********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में औपचारिक मुलाकात की। हमारी संवाददाता ने बताया कि राज्य सरकार के अधिकारियों तथा कोल मंत्रालय एवं कोल इंडिया की अनुषंगी इकाइयों के अधिकारियों के बीच हुई बैठक में कोयला और खनन क्षेत्र की बेहतरी को लेकर चर्चा हुई।

*********************

इससे पहले कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने चतरा जिले के टंडवा स्थित सीसीएल की मगध परियोजना का दौरा किया । इस दौरान उन्होंने कोयला खदान का जायजा लिया और इसकी बारीकियों को समझा । मौके पर मंत्री ने विस्थापित हुए 24 लोगों को नौकरी के लिए इंटरव्यू लेटर सौंपा। श्री रेड्डी ने सीसीएल की महिला कर्मचारियों और सफाई कर्मियों के साथ संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने 130 युवतियों के बीच सिलाई मशीन का वितरण किया।

*********************

राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स में आज शासी परिषद की बैठक आयोजित की जायेगी। स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार और संसाधनों की व्यवस्था को लेकर परिषद की 60वीं बैठक सेवानिवृत न्यायाधीश की निगरानी में होगी। शायद यह पहला मौका है जब रिम्स जीबी की बैठक की मॉनिटरिंग हाईकोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस करेंगे। बता दें कि ये बैठक झारखंड उच्च न्यायालय में दायर जनहित याचिका में पारित आदेशों के आलोक में आयोजित की जा रही है। इसमें हॉस्पिटल की व्यवस्था में सुधार के लिए विशेषज्ञ समिति के गठन का प्रस्ताव भी लाया जाएगा। इसके अलावा नियुक्तियों को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिये जा सकते हैं।

*********************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और  नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने फिर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने राज्य के 500 से अधिक बालू घाटों की नीलामी से संबंधित नियमावली पर सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य सरकार माफियाओं, बिचौलियों और दलालों के इशारे पर काम कर रही है।

*********************

श्री मरांडी के आरोपों पर कांग्रेस ने पलटवार किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेश ठाकुर ने कहा है कि श्री मरांडी को जनहित के मुद्दों से कोई लेना–देना नहीं हैं। उन्हें अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

*********************

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस–यूपीआई पर व्यक्ति–से–व्यापारी लेनदेन की सीमा बढ़ाकर दस लाख रुपये प्रतिदिन कर दी है। यह बदलाव 15 सितंबर से लागू होगा। खरीदारी के लिए बड़े डिजिटल भुगतानों को आसान और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए यह बदलाव किए गए हैं। परन्तु व्यक्ति–से–व्यक्ति हस्तांतरण के लिए सीमा एक लाख रुपये प्रतिदिन बनी हुई है।

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र  मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किला के प्राचीर से अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। तीन सितम्बर को जीएसटी परिषद ने नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर दरों में कटौती की स्वीकृति देकर प्रधानमंत्री का सपना साकार किया। इस क्रम में खाद्य और स्टेशनरी वस्तुओं को प्रभावित करने वाले सुधारों के बारे में आज हम एक नज़र डालते हैं।

*********************

रांची जिले में दुर्गोत्सव की तैयारियां जोरों पर है। पूजा के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन भी लगा हुआ है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*********************

बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव वाला क्षेत्र सक्रिय हो गया है। झारखंड में इसका असर दिखेगा। राज्य के उत्तर और पश्चिमी हिस्सों में इसका विशेष प्रभाव रहेगा। आज और कल कई स्थानों पर वज्रपात और हल्की बारिश हो सकती है। 15 सितंबर से कई हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

*********************

रांची के मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में 22 से 24 सितंबर तक आयोजित होने वाली 36वीं पूर्वी क्षेत्र जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम का गठन कर लिया गया है। टीम में साहिबगंज के पांच एथलीट, 1 प्रशिक्षक, डे बोर्डिंग एथलेटिक्स केंद्र के पूर्व एथलीट समेत कुल 10 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। प्रतियोगिता में पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, बिहार, असम, मिजोरम, सिक्किम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, अंडमान निकोबार समेत मेजबान झारखंड टीम भाग लेगी।

*********************

**और अब अखबारों की सुर्खियां–**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी के झारखंड दौरे की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर ने लिखा है**–रजिस्ट्रार और परीक्षा नियंत्रक समेत 23 पदों के लिए 18 से रजिस्ट्रेशन।

**हिन्दुस्तान के शब्द हैं**–रांची से पूर्णिया की उड़ान 17 सितंबर से होगी शुरु।

**प्रभात खबर ने** जर्जर सड़क के कारण रांची में दुर्घटना में छात्रा की मौत की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

**दैनिक जागरण लिखता है**–झारखंड हाईकोर्ट ने प्रतिबंधित मांस की बिक्री पर निगम से मांगा जवाब।

************समाप्त*************